दैनिक

क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

बर्षः- 05
अंकः- 225
मुरादाबाद
(Sunday)
07 December 2025
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

आंबेडकर की पुण्यतिथि पर पीएम मोदी की श्रद्धांजलि, मुर्शिदाबाद में रखी गई नई बाबरी मस्जिद की नींव, विधायक हुमांयू कबीर बोले- कोई ताकत रोक नहीं सकती

राहुल बोले- उनकी विरासत हमारे संघर्ष की प्रेरणा

डॉ. आंबेडकर की आज 69वीं पुण्यतिथि है। इस अवसर पर पूरा देश भारत के संविधान निर्माता को याद कर रहा है और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। डॉ. आंबेडकर को याद करते हुए पीएम मोदी ने लिखा कि उनकी संविधान के प्रति अटूट प्रतिबद्धता हमारी राष्ट्रीय यात्रा को राह दिखाती रहेगी। संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की आज 69वीं पुण्यतिथि है। इस मौके पर पूरा देश उन्हें याद कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और अन्य नेताओं ने संसद भवन परिसर में डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. आंबेडकर को याद करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा महापरिनिर्वाण दिवस पर डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर को याद करते हुए। उनका दूरदर्शी नेतृत्व और न्याय, समानता और संविधान के प्रति अटूट प्रतिबद्धता हमारी राष्ट्रीय यात्रा को राह दिखाती रहेगी। उन्होंने पीढ़ियों को इंसानी गरिमा बनाए रखने और लोकतांत्रिक मूल्यों को मज़बूत करने के लिए प्रेरित किया। उनके आदर्श हमें विकसित भारत बनाने की दिशा में काम करते हुए राह दिखाते रहें। राहुल गांधी ने संविधान निर्माता डॉ. आंबेडकर को किया याद- कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने डॉ. आंबेडकर को महापरिनिर्वाण दिवस पर याद करते हुए एक पोस्ट में लिखा, %बाबासाहेब आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। उनकी समानता, न्याय और मानवीय गरिमा की विरासत संविधान बचाने के मेरे संकल्प को मजबूत करती है और भारत और समावेशी और करुणाशील भारत बनाने में हमारे एकजुट संघर्ष को प्रेरित करती है। संसद परिसर में डॉ. आंबेडकर को श्रद्धांजलि देने के बाद राहुल गांधी ने मीडिया से बात करते हुए कहा आंबेडकर जी एक आइकॉन हैं। उन्होंने पूरे देश को रास्ता दिखाया, उन्होंने हमें संविधान दिया। इसलिए, हम उन्हें याद करते हैं और उनके विचारों और संविधान की रक्षा करते हैं। हर भारतीय का संविधान खतरे में है। हम इसकी रक्षा करते हैं, नागरिक इसकी रक्षा करते हैं।

खरगे ने लिखा- डॉ. आंबेडकर सामाजिक न्याय की सबसे मजबूत आवाज- कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने डॉ. आंबेडकर को याद करते हुए लिखा, डॉ. आंबेडकर के 70वें महापरिनिर्वाण दिवस पर हम संविधान के निर्माता और सामाजिक न्याय की मजबूत आवाज को दिल से धन्यवाद देते हैं। बाबा साहेब आंबेडकर अपनी पूरी जिंदगी बराबरी, भाईचारे और न्याय के लोकतांत्रिक सिद्धांतों के लिए मजबूती से खड़े रहे। आज हमसे उन मूल्यों को बनाए रखने, बचाने की उम्मीद की जाती है, जिनके लिए वे जिए। देश को उनका सबसे बड़ा तोहफा, भारत का संविधान है।

संक्षिप्त समाचार

दुबई और कुवैत में रहने वालों का भरवा दिया एसआईआर फाम... जांच में हुआ चौंकाने वाला खुलासा; अधिकारी हैरान

यूपी के रामपुर जिले से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। दुबई और कुवैत में रहने वाले लोगों का एसआईआर फार्म भरवा दिया गया। अब एडीएम के आदेश पर मुकदमा दर्ज हुआ है।दुबई और कुवैत में रहने वाले दो लोगों का रामपुर का निवासी बताकर एसआईआर फार्म जमा करा दिया गया। खुलासा होने के बाद इस मामले में अब केस दर्ज कराया गया है। उप जिला निवार्चन अधिकारी संदीप कुमार वर्मा ने बताया कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है।इसी क्रम में शहर विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ द्वारा मतदाताओं से गणना प्रपत्र प्राप्त कर उनका डिजिटाइजेशन कार्य संचालित है। पुनरीक्षण के दौरान यह गंभीर तथ्य संज्ञान में आया है कि एक मतदाता वर्तमान में दुबई में निवासरत हैं। इसी तरह एक अन्य मतदाता जो कि वर्तमान में कुवैत में निवासरत है, के नाम से गणना प्रपत्र भरे गए हैं।जांच में स्पष्ट हुआ है कि उक्त दोनों व्यक्तियों की बहन द्वारा तथ्यों को छिपाते हुए अनुचित रूप से उनके नाम से गणना प्रपत्र प्रस्तुत किए गए, जो निर्वाचन नियमों का घोर उल्लंघन है। इस प्रकरण में सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा थाने में केस दर्ज कराया गया है। उन्होंने मतदाताओं से कहा है कि यदि किसी मतदाता का नाम दो स्थानों पर दर्ज है, तो वह केवल उसी स्थान से गणना प्रपत्र भरे जहां वह वास्तव में निवास करता है।

बाबरी मस्जिद की नींव, विधायक हुमांयू कबीर बोले- कोई ताकत रोक नहीं सकती

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में निलंबित टीएमसी विधायक हुमायूं कबीर ने बाबरी मस्जिद की तर्ज पर नई मस्जिद की आधारशिला रखी। समारोह में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई। कबीर ने कहा कि कार्यक्रम को रोकने की साजिश हो रही है, लेकिन वह हाईकोर्ट के आदेश का पालन करेंगे और मस्जिद का निर्माण कार्य पूरा करेंगे।पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में शनिवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के निलंबित विधायक हुमांयू कबीर ने अयोध्या की बाबरी मस्जिद की तर्ज पर एक नई मस्जिद की आधारशिला रखी। निलंबित टीएमसी विधायक हुमायूं कबीर ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मुर्शिदाबाद जिले के रेजिनगर में इस मस्जिद की आधारशिला रखी।हुमांयू कबीर ने मस्जिद की आधारशिला कार्यक्रम के मंच पर मौलवियों के साथ समारोह का फीता काटा। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर नारा-ए-तकबीर, अल्लाहु अकबर के नारे लगाए गए। कार्यक्रम स्थल पर सुबह से ही हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।बाबरी मस्जिद की तर्ज पर नई मस्जिद के शिलान्यास समारोह को देखते हुए कड़ी सुरक्षा का इंतजाम किया गया था। कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए रेजिनगर और निकटवर्ती बेलडांगा क्षेत्र में पुलिस, आरएएफ और केंद्रीय बलों की बड़ी टुकड़ियां तैनात की गईं। हुमांयू कबीर को इस हफ्ते की शुरुआत में ही टीएमसी से निलंबित कर दिया गया था, क्योंकि पार्टी ने इसे सांप्रदायिक राजनीति से जुड़ा मामला बताया था। कबीर ने इस महीने की शुरुआत में स्थापना समारोह का एलान किया था, जिससे राजनीतिक आलोचना शुरू हो गई थी और राज्य प्रशासन को सुरक्षा बढ़ानी पड़ी थी। आधारशिला रखने के समारोह के लिए कबीर ने 6 दिसंबर का दिन चुना, जो अयोध्या की बाबरी मस्जिद के विध्वंस की वर्षगांठ है।हुमायूं कबीर ने शनिवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में बाबरी मस्जिद शैली की मस्जिद के निर्माण के लिए शिलान्यास समारोह को बाधित करने की साजिश रची जा रही है। कबीर ने दावा किया कि 2026 के चुनावों में 90 विधानसभा क्षेत्रों से मुस्लिम उम्मीदवार विजयी होंगे। निलंबित टीएमसी विधायक ने कहा, %कोई भी ताकत इसे रोक नहीं सकती। हम कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेशों का पालन करेंगे।% उन्होंने यह भी आरोप लगाया, %हिंसा भड़काकर कार्यक्रम को बाधित करने की साजिशें की जा रही हैं। दक्षिण बंगाल के जिलों से लाखों लोग ऐसी कोशिशों को नाकाम कर देंगे।

धनंजय सिंह को हाईकोर्ट से झटका, वाराणसी के नदेसर शूटआउट के गैंगस्टर मामले में पूर्व सांसद की अपील खारिज

पूर्व सांसद धनंजय सिंह को इलाहाबाद हाईकोर्ट से झटका लगा है। वर्ष 2002 में हुए वाराणसी के चर्चित शूटआउट मामले में पूर्व सांसद की याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। धनंजय सिंह ने बाहुबली विधायक अभय सिंह, एमएलसी विनीत सिंह समेत कई बाहुबलियों पर एके-47 से हमला कराने के मामले में गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया था।इलाहाबाद हाईकोर्ट से जौनपुर के पूर्व बाहुबली सांसद धनंजय सिंह को झटका लगा है। 23 साल पहले वाराणसी के नदेसर इलाके में हुए शूटआउट मामले में आरोपियों को बरी किए जाने के खिलाफ दाखिल याचिका कोर्ट ने खारिज कर दी है। शूटआउट में धनंजय सिंह, उनके गनर और ड्राइवर घायल हो गए थे। इस मामले में इन्होंने पांच लोगों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। ट्रायल कोर्ट ने आरोपियों को बरी कर दिया था। इस आदेश को पूर्व सांसद ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। कोर्ट ने याचिका को पोषणीय नहीं बना। अदालत ने अपनी टिप्पणी में कहा कि गैंगस्टर एक्ट के तहत अपराध केवल राज्य और समाज के खिलाफ होता है, व्यक्तिगत नहीं माना जाता। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि केवल राज्य के पास असामाजिक गतिविधियों को रोकने और निवारक कदम उठाने का अधिकार है, किसी व्यक्ति को नहीं। इलाहाबाद हाईकोर्ट से पूर्व सांसद धनंजय सिंह को एक बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने 2002 के जानलेवा हमले से जुड़े गैंगस्टर एक्ट मामले में आरोपियों को ट्रायल कोर्ट द्वारा बरी किए जाने के फैसले को चुनौती देने वाली उनकी याचिका को सही नहीं मानते हुए खारिज कर दिया है। वाराणसी के पहले %ओपन शूटआउट% के रूप में चर्चित नदेसर टकसाल शूटआउट से जुड़े इस मामले में कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि असामाजिक गतिविधियों को रोकना राज्य का दायित्व है। कोई भी व्यक्ति राज्य के कार्य को हड़पने का हकदार नहीं है। कोर्ट की टिप्पणी पूर्व सांसद (तत्कालीन रारी विधायक) धनंजय सिंह ने यूपी गैंगस्टर एवं असामाजिक क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 के तहत चार आरोपियों को वाराणसी के स्पेशल जज, गैंगस्टर एक्ट द्वारा बरी किए जाने के आदेश (29 अगस्त 2025) को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। जस्टिस लक्ष्मी कांत शुक्ला की सिंगल बेंच ने धनंजय सिंह की क्रिमिनल अपील को खारिज कर दिया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि गैंगस्टर एक्ट के तहत अपराध केवल राज्य और समाज के खिलाफ अपराध है, किसी व्यक्ति के खिलाफ नहीं। क्या था 2002 का नदेसर टकसाल शूटआउट- यह मामला लगभग 23 साल पुराना है। चार अक्तूबर 2002 को वाराणसी के कैंट थाना क्षेत्र के नदेसर स्थित टकसाल सिनेमा हॉल के पास तत्कालीन विधायक धनंजय सिंह की गाड़ी पर जान से मारने की नीयत से अंधाधुंध फायरिंग की गई थी, जिसमें एके-47 जैसे ऑटोमेटिक हथियारों के इस्तेमाल की बात सामने आई थी। यह वाराणसी का पहला %ओपन शूटआउट% था। इस घटना में धनंजय सिंह, उनके गनर और ड्राइवर समेत अन्य लोग घायल हुए थे। धनंजय सिंह ने बाहुबली विधायक अभय सिंह, एमएलसी विनीत सिंह, संदीप सिंह, संजय सिंह, विनोद सिंह और सतेंद्र सिंह उर्फ बबलू समेत अन्य अज्ञात के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया था।

ट्रायल कोर्ट ने आरोपियों को किया बरी-29 अगस्त 2025 को वाराणसी के स्पेशल जज, गैंगस्टर एक्ट सुशील कुमार खरवार ने साक्ष्य के अभाव में संदेह का लाभ देते हुए चारों आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया था, जिसे धनंजय सिंह ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। पीड़ित की परिभाषा पर केंद्रित थी बहस- सुनवाई के दौरान धनंजय सिंह के वकीलों ने तर्क दिया कि अपीलकर्ता मूल मामले में घायल और शिकायतकर्ता हैं, इसलिए वह पीड़ित की परिभाषा में आता है और उसे अपील दायर करने का अधिकार है, जैसा कि बीएनएसएस की धारा 413 के तहत दिया गया है।

रद्द उड़ानों के रिफंड पर सरकार ने तय की समयसीमा, इंडिगो से कहा- दो दिनों के अंदर सामान भी लौटाओ

विमानन कंपनियों को एफडीटीएल नियमों में राहत देने के बाद अब सरकार ने सख्ती शुरू कर दी है। इसी के तहत सरकार ने इंडिगो को निर्देश दिया है कि यात्रियों को रिफंड और उनके सामान को लौटाने की प्रक्रिया जल्द पूरी की जाए। बीते पांच दिनों में इंडिगो की 2000 से ज्यादा उड़ानें रद्द होने से हजारों यात्री प्रभावित हुए हैं। इसे मद्देनजर रखते हुए नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने शनिवार को एयरलाइन को निर्देश दिया कि वह रद्द उड़ानों के लिए किराया वापसी की प्रक्रिया रविवार शाम तक पूरी कर ले। मंत्रालय ने यह भी कहा कि एयरलाइन सुनिश्चित करे कि यात्रियों का सामान भी अगले दो दिनों में पहुंचा दिया जाए।रिफंड को लेकर सरकार के सख्त निर्देश देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की ओर से शनिवार को पांचवें दिन 1,000 से अधिक उड़ानें रद्द करने से पैदा हुई दिक्कतों के एक दिन बाद मंत्रालय ने कहा कि रिफंड प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की देरी या गैर-अनुपालन पर तत्काल नियामक कार्रवाई की जाएगी।मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सभी रद्द या बाधित उड़ानों के लिए किराया वापसी की प्रक्रिया रविवार रात 8 बजे तक पूरी हो जानी चाहिए।

जारी निर्देश में कहा गया है, %एयरलाइंस को यह भी निर्देश दिया गया है कि वे उन यात्रियों से कोई रीशेड्यूलिंग शुल्क न वसूलें जिनकी यात्रा पर रद्दीकरण का असर पड़ा है।% देशभर में आज 400 से ज्यादा उड़ानें रद्द- शनिवार को देशभर के अलग-अलग हवाई अड्डों पर 400 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गईं। इंडिगो को समर्पित यात्री सहायता और रिफंड सुविधा प्रकोष्ठ स्थापित करने का भी निर्देश दिया गया है। निर्देश के अनुसार इन प्रकोष्ठों को प्रभावित यात्रियों से सक्रिय रूप से संपर्क करने और यह सुनिश्चित करने का कार्य सौंपा गया है कि रिफंड और वैकल्पिक यात्रा व्यवस्थाएं कई बार अनुवर्ती कार्रवाई किए बिना ही पूरी हो जाएं।बयान में कहा गया है, %स्वचालित रिफंड की प्रणाली तब तक सक्रिय रहेगी जब तक परिचालन पूरी तरह से स्थिर नहीं हो जाता।% इसके अलावा मंत्रालय ने कहा कि एयरलाइन को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उड़ान रद्द होने या देरी के कारण यात्रियों से अलग हुए सामान का पता लगाया जाए और अगले 48 घंटों के भीतर उन्हें सौंप दिया जाए।

संपादकीय Editorial

Patches on the Law

The issue is about land, not a promise. To this day, political trust in Section 118 remains elusive. Where has the rigor of Section 118 been proven, where has it been reversed? It's Himachal's nature to simply walk on the ground. Almost every government has to open the pages of Section 118 to ensure that the state remains worthy of investment, yet the argument continues. There's no doubt that the mess continues, but it's also a fact that the price of land has devastated agriculture. Many Himachal and Himachali empires have descended on the land. The patrolling of Section 118 between Parwanoo and Shimla became anonymous, and when private universities began to emerge in the wake of investment, the patches on the law also became visible. Questions about how much Section 118 plays a role in new investments have been raised, starting with the Dhumal government and ending with the Sukhu government. Even more pressing than Section 118 are questions about the Forest Conservation Act, where a single tree can spell disaster for an entire road. How many roads, government buildings, projects, and the state's ambitions are lost in the labor of forest laborers? At the core of Section 118, agriculture and horticulture, the rural economy, were more important than land. But did modern Himachal become the reason for this? Did the forest rob us of our peace, or did the exemptions under Section 118 bring prosperity? Did employment in agriculture and horticulture increase, or did the preferential treatment facilitate investment, while tourism, industry, and trade, under the purview of Section 118, provided employment opportunities? The assessment of how many of us are outside Section 118 and how many are inside is a common refrain in every government-opposition debate, but the question of how many Himachali rights have been taken away by the forest has never been considered. What environmental sins are we washing away by treating the Forest Conservation Act as a river of policies? Are our forests incapable of withstanding the natural disasters that plague Himachal, or have we become compelled to dig deep for employment? When we build houses, the sand and gravel of the ravines become the culprit. In the construction sector, Himachal Pradesh is faced with the challenge of whose land and on whose land should we build it? Neither the forest relents, nor does it hand over its land or timber. How much of the common people's relationship with natural resources remains? What architectural principles remain of the mountains? Why not explore the place and the goods that were sold off before Section 118? The Muzara Act and the Land Ceiling Act were sold overnight by spectators. Did farming suffer or did agricultural production increase after the Land Ceiling Act was implemented? Why was land under orchards measured and cultivable land sold off, even to the point of conscience? The discussion should be about who became the new moneylenders in land purchases over the past three decades? Who are the forces now establishing new settlements? Obviously, why haven't laws been enacted to preserve the Himachali environment? In Himachal, land is being displaced more than people, meaning the tribal population has increased, but the tribal areas have lost their charm and splendor. There may be some tribal culture, but the twists and turns of human history have spread Kinnaur from Solan to Chandigarh. Bharmour has descended and merged into Kangra. Finding Pangi in Kullu and considering the tribal potential of the Lahaul-Spiti settlers in Manali. The battle for land rights in Himachal is not limited to Section 118; it is a story of the disappearance of tribal areas. Have the Gaddis of Kangra found solace in the guise of tribal rights.

Politics transcends caste.

Politics ultimately centers on leaders and leadership. Trust in Narendra Modi and Nitish Kumar, Amit Shah's strategy and organizational vision, the grassroots work of organizers like Dharmendra Pradhan, and the public engagement of BJP and JDU leaders played a major role in the NDA's victory. It should also be remembered that such a significant victory is not achieved solely through caste equations. Participation of all sections of society in the NDA's victory: Identity politics has little influence; trust in policies of development and public welfare. The NDA achieved a remarkable victory in the Bihar Assembly elections. I call it remarkable because it clearly reflected the electoral participation of all sections of society. The NDA's constituent parties received the highest number of votes and support from all sections of society—Dalits, backward castes, forward castes, women, and youth. Of the 67 percent OBCs in Bihar, the NDA received 71 percent of the upper caste OBCs and 68 percent of the extremely backward OBCs. The NDA also received a portion of the Yadav and Muslim votes, considered the solid vote bank of the RJD, the largest component of the Grand Alliance. The Muslim-Yadav alliance's consolidation in favor of the Grand Alliance weakened somewhat in this election. Nearly 60 percent of Dalits chose the NDA. 48 percent of women and 46 percent of men also voted for the NDA. Furthermore, a large percentage of youth also played a significant role in the NDA's victory. Statistics show that all economic segments of society in Bihar, including the upper class, middle class, and lower class, gave the most support to the JDU-BJP alliance. The Bihar mandate represents a major transformation in the fundamental nature of Indian society and Indian democracy. This transformation can be easily understood through an analysis of the election results. The election results demonstrated that the politics of identity-based mobilization is gradually losing its influence, particularly the politics of caste identities, which are developed by increasing caste conflicts between castes. The Bihar election results indicate that the public now demands more than that. Political scientist Rajni Kothari once said that politics needs caste, and caste needs politics. In this new context, it would be appropriate to say that politics is transcending caste. This is clearly evident in Bihar. The political philosophy of caste identity politics, which rests on the concept of 'own' versus 'other' among castes, has evolved into a spirit of dialogue and cooperation. Even if we look at the Bihar elections through the optics of caste, most castes voted with mutual understanding and accommodation. The results also imply that India's electoral politics is gradually rejecting the decades-old concept of anti-incumbency. A pro-incumbency trend is increasingly taking over the voters' psyche, replacing anti-incumbency. This is particularly true for parties and alliances that have successfully and honestly implemented development politics with public welfare policies through their administrations. The consolidation of women's votes in favor of the NDA in Bihar is a result of this very chemistry. This is the chemistry that the BJP, led by PM Narendra Modi, and the JDU, led by Nitish Kumar, have cultivated in their respective political landscapes. This political chemistry has resonated with farmers, laborers, Dalits, women, and youth. The Bihar mandate also proved that the politics of development and welfare schemes have awakened aspirations in Indian society, transcending the barriers of caste and creed and the boundaries of identity sentiments, generating significant support for the BJP and the NDA. A significant portion of Bihar's voters have become beneficiaries of various central and state government schemes. Naturally, most of them voted for the NDA in the assembly elections. A beneficiary consciousness is characterized by a persistent desire to secure new support from the state government to meet their needs. Recognizing this beneficiary consciousness, the BJP and the NDA initiated financial support of ?10,000 under the Women's Employment Program, which attracted a significant number of women voters to the NDA. Thus, shattering all notions, a beneficiary identity is developing among poor social groups. These new changes in the Indian state and society have inspired us to change our old ways of understanding politics. The Bihar Assembly elections also exposed us to new changes taking shape at the level of the Indian electorate. These elections demonstrated a major shift in the politics of social justice. Political parties claiming to practice social politics failed this time. The Dalit and backward classes of Bihar placed their trust in the NDA for their aspirations for social justice. This was also possible because the concept of social justice has now become broader. It is now expanding horizontally. It includes not only the reserved classes but also the aspirations of marginalized communities to progress through the impact of government schemes. PM Modi has developed a new concept of social justice, which can be called holistic social justice. The people of Bihar have endorsed this concept. Politics ultimately centers on leaders and leadership. The trust in Narendra Modi and Nitish Kumar, the strategy and organizational vision of Amit Shah, the work done at the grassroots level by organizers like Dharmendra Pradhan, and the connect of BJP-JDU leaders with the people have made this happen. It played a major role in the NDA's victory. It should also be remembered that such a significant victory isn't achieved solely through caste equations. It also requires an emotional foundation. The emotional foundation of this election was the trust and sympathy in Modi and Nitish Kumar, and the growing desire for development among the people. The desire to respect Bihar's identity also had an impact.

Karnataka Congress Caught in a Power Struggle

The Congress high command's problem is that no decision is risk-free. There's no denying the possibility that Siddaramaiah might ally with the BJP if Shivakumar is appointed Chief Minister. He is not a Congressman by birth. Siddaramaiah, who has a Lok Dal background, has also served in the Janata Dal (Secular). A conflict with HD Deve Gowda's son, Kumaraswamy, forced him to join the Congress party. The tussle over the Chief Minister's post in Karnataka—a difficult decision for the high command. The importance of caste equations. It's hard to assume that two leaders, both fighting to retain and retain the Chief Minister's post, have to share breakfast together twice in four days. It's believed that, on the advice of the Congress high command, Chief Minister Siddaramaiah and Deputy Chief Minister DK Shivakumar are trying to conceal their well-known power struggle through "breakfast diplomacy." Siddaramaiah, who became Chief Minister for the second time in May 2023, has already served half of his term, and Shivakumar now wants him to be appointed Chief Minister. There is talk that the high command had formulated a formula for both to serve as Chief Ministers for two and a half years each in 2023. Similar discussions have also been heard in Rajasthan and Chhattisgarh. In 2018, the Congress government in Madhya Pradesh collapsed quickly due to Jyotiraditya Scindia's abandonment of the "hand" and the "lotus," while the Congress governments in Rajasthan and Chhattisgarh failed to return to power. In Rajasthan and Chhattisgarh, Deputy Chief Ministers TS Singh Deo and Sachin Pilot reminded the high command of the two and a half year formula, but to no avail. However, Congress was ousted from power in both states in the next elections. Siddaramaiah and Shivakumar are claiming that the high command's decision on the leadership issue is "final." Both are awaiting the high command's summons to Delhi. Siddaramaiah wants approval for a cabinet reshuffle to put an end to speculation about a leadership change, while Shivakumar wants to remind the party of his promise of two and a half years of chief ministership. The high command finds itself in a predicament of a "well here, a ditch there." Compared to the 77-year-old Siddaramaiah, Shivakumar, at 63, is younger, but will he be willing to wait until the next election to become Chief Minister? Amidst the infighting within the Congress party, the BJP is eager to regain Karnataka, its stronghold in South India. The resourceful Shivakumar has been a troubleshooter for the Congress party. The question is: if, despite his usefulness, the high command fails to fulfill its stated promise of two and a half years of chief ministership, wouldn't Shivakumar prefer to become Jyotiraditya Scindia rather than wait? Keep in mind that most leaders are merely close to power. The problem for the Congress high command is that no decision is risk-free. There's no denying the possibility that Siddaramaiah might ally with the BJP if Shivakumar is appointed Chief Minister. He's not a Congressman by origin. Siddaramaiah, who has a Lok Dal background, has also served in the Janata Dal (Secular). A conflict with HD Deve Gowda's son, Kumaraswamy, forced him to join the Congress. In the 224-member Karnataka Assembly, the Congress has 135 MLAs, while the BJP and JD(S) have 66 and 19 MLAs, respectively. Four others could also be considered close to power. If even two or two and a half dozen MLAs switch sides, it would be a game in the making. The anti-defection law is not a concern because the tactic of reducing the effective strength of the House by forcing the resignation of MLAs to lower the majority figure has been tried before in Karnataka. Karnataka is the home state of Congress President Mallikarjun Kharge, but both sides are looking to the Nehru-Gandhi family for a solution to the political crisis. The Congress was able to capture power in Karnataka in the 2023 elections because all its leaders, including Siddaramaiah and Shivakumar, united to capitalize on anti-incumbency sentiments against the divided BJP. Karnataka's electoral politics is determined by three major communities: Lingayats, Vokkaligas, and Kurbas. Shivakumar belongs to the Vokkaligas, the second most influential caste, while Siddaramaiah belongs to the Kurba. The Lingayats, the most influential community, were disgruntled with the BJP in the last election due to the removal of Yeddyurappa from the Chief Minister's post. The BJP sought to compensate for this loss by forming an alliance with former Prime Minister HD Deve Gowda's JD-S, a member of the Vokkaliga community, but various circumstances, from anti-incumbency sentiment to corruption allegations, proved counterproductive. Shivakumar was also in the running for the Chief Minister's post, but the high command, balancing socio-political dynamics, decided to crown Siddaramaiah. Shivakumar is extremely useful to the Congress politically and financially, while Siddaramaiah wanted to make himself indispensable to the Congress. The Congress high command has learned enough from the losses suffered in the past state after state due to the arbitrariness of satraps to avoid allowing any satrap to become indispensable to the party, but it has yet to demonstrate the courage necessary to prevent that from happening. Rahul Gandhi is engaged in efforts to reconnect the OBC and Dalit communities with the Congress, and Siddaramaiah is an OBC, while Shivakumar is from the upper caste. Therefore, in the power struggle between the two, the high command may choose a safe middle path in the form of Mallikarjun Kharge, a Dalit.

रास्ता रोककर परिवार पर किया हमला...मारपीट का वीडियो हुआ वायरल

मुरादाबाद । थाना भगतपुर क्षेत्र के पसियापुरा गांव में रास्ता रोककर एक परिवार के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। वीडियो वायरल हो रही है। मारपीट में युवक व उसके माता-पिता घायल हो गए। पीड़ित परिवार ने नामजद आरोपियों पर के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। नितेश कुमार निवासी ग्राम पसियापुरा के अनुसार वह अपने पिता जयवीर सिंह और माता सरोज देवी के साथ खेत से लौट रहे थे। रास्ते में गांव के ही रणवीर सिंह, पवन,धर्मेश पुत्रगण सूरज पाल सिंह तथा कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने उनका रास्ता रोक लिया।

आरोपियों ने पहले गाली-गलौज की, फिर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इस दौरान नितेश, उसके पिता और उसकी मां सरोज देवी गंभीर रूप से घायल हो गए। शोरगुल होने पर आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित परिवार थाना भगतपुर पहुंचा, जहां उन्होंने हमलावरों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज दो आरोपियों जेल भेज दिया जबकि एक अभी फरार है पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। थाना भगतपुर प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह ने बताया कि दो पक्षों में खेत की मेड़ पर पेड़ लगाने को लेकर झगड़ा हुआ था। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कर दिया है। मामला तीन दिन पुराना है। उसकी वीडियो आज वायरल हुई है।

966 जोड़ों ने खाईं एक-दूसरे का साथ निभाने की कसमें

मुरादाबाद ।मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत दूसरे दिन शुक्रवार को रामपुर रोड जीरो प्वाइंट पर स्थित आर्केडिया ग्रीन मैदान में 966 जोड़ों का वैवाहिक समरोह संपन्न हुआ।

हालांकि विवाह समारोह में विकासखंड छजलैट,टांडा, मूंढापांडे, डींगरपुर, बिलारी,तथा नगर पंचायत, कुंदरकी, बिलारी, महमूदपुर मॉफी, उमरी कलां व कांठ क्षेत्र के 1205 जोड़ों ने आवेदन किया था। कार्यक्रम की अध्यक्ष मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी, मुख्य अतिथि कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह व जिला समाज कल्याण अधिकारी पंखुरी जैन ने मंच पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उनके साथ पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश सैनी और चारों ब्लॉक प्रमुख ने वर वधू को आशीर्वाद देकर उनके सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना की।सामूहिक विवाह समारोह में कुल 966 जोड़ों में हिंदू जोड़ों ने वैदिक मंत्रोच्चारण और मुस्लिम जोड़ों ने निकाह की रस्में पूरी की। सुबह से शाम तक चले कार्यक्रम में शहनाई की मधुर धुनें गूंजती रहीं। विधायक रामवीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लाभ समाज के सभी वर्गों को उपलब्ध है। सरकार की मंशा है कि किसी भी परिवार की आर्थिक स्थिति बेटी के विवाह में बाधा न बने। जिला समाज कल्याण अधिकारी पंखुरी जैन ने बताया कि शासन द्वारा योजना के अंतर्गत प्रति जोड़ा एक लाख रुपये व्यय किए जाते हैं। सामूहिक विवाह समारोह में मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी, डीपीआरओ आलोक शर्मा, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश सैनी, ब्लॉक प्रमुख डॉ. नवदीप यादव, गुलाम जिलानी, नूरी मौलाना, नीरज चंद्रा, महेंद्र सैनी, बबलू जाटव, संजय कश्यप, अरविंद ठाकुर, संजय दिवाकर, सतीश सैनी, ललित चौधरी, चमन, चिराग अली सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। भव्य आयोजन में शामिल परिवारों और नवविवाहित जोड़ों ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना को सराहते हुए इसे सामाजिक समरसता और सहयोग का प्रेरक उदाहरण बताया।

दो दिन में 31 हजार लोगों ने किया भोजन- जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह प्रोत्साहन योजना का प्रत्येक लाभार्थी के साथ आए 10 सदस्यों के भोजन की व्यवस्था की गई थी। उन्होंने बताया कि पहले दिन 16 हजार और दूसरे दिन 18 हजार लोगों के भोजन की व्यवस्था की गई। करीब 31000 लोगों ने भोजन किया।जिला समाज कल्याण अधिकारी पंखुरी जैन ने बताया कि दो दिन में आवेदनों की संख्या के सापेक्ष योजना शामिल लोगों की संख्या कम रहे गई है। जिसकी बायोमेट्रिक नहीं हो पाई उसको योजना में शामिल नहीं किया। योजना के लाभ वंचित रहे गए हैं ऐसे लोगों की विकास खंड स्तर से सूची मांग कर निदेशालय समाज कल्याण को भेजी जाएगी। निदेशालय से मिले निर्देश के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

कोहरे ने बिगाड़ा शेड्यूल, यात्रियों की बढ़ने लगी मुसीबत, राज्यरानी एक्सप्रेस दो व नौचंदी एक घंटे लेट

ठंड बढ़ने के साथ कोहरे का असर भी तेज हो गया है। इसका असर ट्रेनों पर भी दिखने लगा है। लंबी दूरी की ट्रेनें दो घंटे तक लेट हो रही है। इससे यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। कोहरे ने अब ट्रेनों का शेड्यूल बिगाड़ दिया है। राज्यरानी समेत एक अन्य ट्रेन काफी देरी से चल रही हैं। इसके अलावा दो अन्य ट्रेनों को रद्द भी कर दिया गया है। ऐसे में यात्रियों के लिए मुसीबतें बढ़ गई हैं। घंटों ट्रेनों का इंतजार करने के बाद लोग अब बसों की तरफ रुख कर रहे है, जिससे बसों पर लोड बढ़ने लगा है।रात को रोजाना तापमान में गिरावट आती जा रही है। इस गिरावट के बीच धुंध और कोहरा बढ़ने लगा है। इस बीच ट्रेनों का शेड्यूल भी बिगड़ रहा है। सुबह की ट्रेनें रात तक पहुंच रही है। ट्रेनों की चाल धीमी होने से दो-दो घंटे का अंतराल आने लगा है। राज्यरानी एक्सप्रेस की ही अगर बात करें तो इसका रामपुर पहुंचने का निर्धारित समय 6:50 बजे का है और यह ट्रेन रात 9:14 बजे पहुंच रही है।यानी सीधे दो घंटे 64 मिनट देरी से रामपुर पहुंची है, जिससे यात्रियों को काफी दिक्कतें हुई है। इसके साथ नौचंदी एक्सप्रेस ट्रेन का निर्धारित समय रात 2:49 बजे है, जबकि यह ट्रेन रात 3:55 बजे पहुंची है। उम्मीद है कि जल्द ही परिचालक उपलब्ध हो जाएंगे।

कम नहीं हो रहीं आजम और अब्दुल्ला की मुश्किलें... सजा बढ़वाने के लिए सेशन कोर्ट पहुंचा अभियोजन; 23 को फैसला

दो पैन कार्ड में समाजवादी पार्टी के नेता आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। अभियोजन सात साल की सजा से संतुष्ट नहीं है। सजा के खिलाफ अभियोजन सेशन कोर्ट पहुंचा है। सजा बढ़वाने के लिए दायर अपील पर अपीलकर्ता की ओर से अतिरिक्त आधार दाखिल किया है।दो पैन कार्ड में सपा नेता आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खां की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। सात साल की सजा बढ़ाने की मांग को लेकर अभियोजन पक्ष की ओर से सेशन कोर्ट में अपील दायर की गई है। दूसरी ओर सजा के खिलाफ आजम के अधिवक्ताओं ने और राहत की मांग को लेकर कई तर्क दिए हैं। सेशन कोर्ट अब इन दोनों बिंदुओं पर 23 दिसंबर को अपना फैसला सुना सकती है। दो पैन कार्ड में एमपी- एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट ने पिछले दिनों सपा नेता आजम खां और अब्दुल्ला आजम को सात-सात साल की सजा व 50-50 हजार रुपये का जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई थी। इस मामले में मजिस्ट्रेट कोर्ट के फैसले के खिलाफ अब सेशन कोर्ट में शरण ली है।

उनके अधिवक्ताओं की ओर से सेशन कोर्ट में निचली अदालत के फैसले के खिलाफ अपील दायर की गई है। इसके साथ ही जमानत के लिए भी प्रार्थना पत्र दाखिल किया गया है, जिस पर सेशन कोर्ट में सुनवाई चल रही है।

शुक्रवार को इस मामले में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से सात साल की सजा बढ़ाए जाने की मांग को लेकर अपील दायर की गई। सहायक शासकीय अधिवक्ता सीमा सिंह राणा के अनुसार अभियोजन की ओर से प्रार्थना पत्र दिया गया है, जिसमें अभियोजन की ओर से निचली अदालत की ओर से दी गई सात साल की सजा को बढ़ाने की मांग की गई।

दोनों ही प्रार्थना पत्रों पर 23 दिसंबर को सुनवाई-इस प्रार्थना पत्र पर 23 दिसंबर को सुनवाई होगी। वहीं दूसरी ओर इस मामले में आजम खां के अधिवक्ताओं की ओर से दाखिल अपील पर बचाव पक्ष की ओर से अतिरिक्त आधार भी दाखिल किए गए। एडीजीसी ने बताया कि दोनों ही प्रार्थना पत्रों पर कोर्ट 23 दिसंबर को सुनवाई करेगी।

दो पासपोर्ट मामले में अब्दुल्ला आजम को सात साल की सजा-दो पैन कार्ड मामले में सात साल की सजा काट रहे पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम को शुक्रवार को दो पासपोर्ट मामले में भी सात साल की कैद व पचास हजार रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई गई है। एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई करते हुए इस मुकदमे का फैसला सुनाया है।

सपा नेता आजम खां के बेटे अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो पासपोर्ट का मामला शहर विधायक आकाश सक्सेना ने सिविल लाइंस थाने में 2019 में दर्ज कराया था। उनका आरोप था कि अब्दुल्ला आजम के पास दो पासपोर्ट हैं, जिसमें से एक पासपोर्ट का इस्तेमाल वह विदेश यात्रा में भी कर चुके हैं। दोनों में जन्म की तारीखें अलग-अलग हैं।

यह मामला एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में विचाराधीन था। इस मामले में दर्ज मुकदमे को निरस्त करने को लेकर अब्दुल्ला आजम ने सुप्रीम कोर्ट का भी दरवाजा खटखटाया था लेकिन सुप्रीम कोर्ट से उन्हें राहत नहीं मिली थी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद इस मामले की सुनवाई फिर से शुरू हुई। इस मामले में शुक्रवार को कोर्ट ने फैसला सुनाया।

सुनवाई के लिए आरोपी पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम को कोर्ट में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेश किया गया। कोर्ट ने पहले इस मुकदमे में अब्दुल्ला आजम को दोषी करार दिया। एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट शोभित बसंल ने इस मामले में अब्दुल्ला आजम को सात साल की सजा व पचास हजार रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है।

क्या है मामला- शहर विधायक आकाश सक्सेना की ओर से सिविल लाइंस थाने में केस दर्ज कराया गया था। वर्ष 2019 में दर्ज कराए गए केस में शहर विधायक ने कहा था कि अब्दुल्ला आजम खां द्वारा असत्य व कूट रचित दस्तावेज तथा विवरण के आधार पर पासपोर्ट बनवाया है और उपयोग में लाया जा रहा है। पासपोर्ट संख्या जेड4307442, 10 जनवरी 2018 है। अब्दुल्ला आजम खां की जन्मतिथि शैक्षिक प्रमाण पत्रों हाईस्कूल बीटेक व एमटेक में एक जनवरी 1993 अंकित है,जबकि पासपोर्ट संख्या जेड 4307442 में जन्मतिथि 30 सितंबर 1990 अंकित है।

पासपोर्ट का प्रयोग आर्थिक लाभ हेतु व्यापार व व्यवसाय संबंधी विदेश यात्राओं तथा विभिन्न संस्थाओं में पहचान पत्र के रूप में तथा विभिन्न पदों के आवेदन में किया गया है। दूसरी ओर शैक्षिक प्रमाण पत्रों का प्रयोग भी आर्थिक लाभ हेतु शैक्षिक संस्थाओं की मान्यताओं व आईडी के लिए किया गया है। अब्दुल्ला आजम के शैक्षिक प्रमाण पत्र तथा पासपोर्ट का विवरण जन्मतिथि व जन्म स्थान विरोधाभासी है फिर भी अब्दुल्ला आज़म सभी दस्तावेजों का प्रयोग जरूरत के अनुसार जानबूझकर अनुचित लाभ लेने के लिए कर रहे हैं।

केस में आरोप लगाया था कि अब्दुल्ला आजम ने असत्य विवरण अंकित पासपोर्ट संख्या जेड 4307442 बनवाया है जो जिसका दुरुपयोग किया जाना भारतीय दण्ड संहिता की धारा 420, 467, 468, 471 तथा पासपोर्ट अधिनियम की धारा -12(1) एके अन्तर्गत दंडनीय अपराध है ।

संक्षिप्त समाचार

गोमतीनगर से सहारनपुर के बीच 9 दिसंबर से होगा वंदे भारत का संचालन

मुरादाबाद। उत्तर रेलवे की ओर से गोमतीनगर से सहारनपुर तक वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 26504/26503 का संचालन शुरू होने की तिथि नियत कर दी गई है। उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल की वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/फेट ऋचा शर्मा ने बताया कि 9 दिसंबर से वंदे भारत ट्रेन संख्या 26504 गोमतीनगर सहारनपुर वंदे भारत एक्सप्रेस सोमवार को छोड़कर अन्य सभी दिनों में चलेगी। वह दोपहर बाद 3:10 बजे चलकर डालीगंज, सीतापुर, शाहजहांपुर, बरेली होकर रात में 8:35 बजे मुरादाबाद पहुंचेगी। यहां 5 मिनट का स्टापेज है। यहां के बाद नजीबाबाद रुड़की होकर रात 11:50 बजे सहारनपुर पहुंचेगी। जबकि ट्रेन संख्या 26503 मंगलवार को छोड़कर सप्ताह में प्रतिदिन मुरादाबाद, बरेली होकर गोमतीनगर आएगी।

अंतिम तिथि करीब, जल्द जमा करें एसआईआर फार्म

मुरादाबाद। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर ऐसे मतदाता जिन्होंने अपना गणना प्रपत्र भरकर अभी तक अपने बीएलओ के पास जमा नहीं किया है। उनको प्रशासन ने गणना प्रपत्र तत्काल भरकर अपने बीएलओ के पास जल्द जमा करने के लिए कहा है।अपर जिलाधिकारी प्रशासन /उप जिला निर्वाचन अधिकारी संगीता गौतम ने बताया कि यदि मतदाताओं को किन्हीं कारणों से बीएलओ नहीं मिल रहे हैं तो वह अपने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी से संपर्क कर उनके कार्यालय में बने काउन्टर पर तत्काल जमा कर दें। इसके लिए तहसील स्तर पर काउंटर बनाया गया है। जिससे 16 दिसंबर को आलेख प्रकाशित की अनन्तिम मतदाता सूची में आपका नाम प्रकाशित किया जा सके। यदि मतदाताओं के द्वारा गणना प्रपत्र समय से जमा नहीं किया जाता है तो आलेख मतदाता सूची में उनका नाम प्रकाशित होने से रह जाएगा। विस निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी का पदनाम मोबाइल नंबर तहसील का नामउपजिलाधिकारी, कांठ---- 9454416873----तहसील कार्यालय, कांठ उपजिलाधिकारी, ठाकुरद्वारा---- 9454416872---- तहसील कार्यालय, ठाकुरद्वारा मुरादाबाद ग्रामीण विस---- 945441686---- उपजिलाधिकारी, सदर मुरादाबाद नगर विस में अपर नगर मजिस्ट्रेट (द्वितीय)----- 9454416881--- तहसील सदर में बने काउटरों पर अपर नगर मजिस्ट्रेट (प्रथम) मुरादाबाद---- 9454416864 उपजिलाधिकारी, बिलारी----- 9454416874 ---- कुन्दरकी तहसील कार्यालय बिलारी

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

रोहिंग्या-बांग्लादेसियों कि तलाश को लेकर प्रशासन ने चलाया विशेष अभियान

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। जिले में रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिकों की संभावित अवैध मौजूदगी की सूचना मिलते ही प्रशासन सतर्क हो गया है। शनिवार को थाना बारादरी क्षेत्र में पीलीभीत बाईपास रोड किनारे अवैध रूप से रह रहे बाहरी लोगों की तलाश में विशाल वेरिफिकेशन ड्राइव चलाई गई, जिसमें प्रशासन और पुलिस के उच्चाधिकारियों ने मोर्चा संभाला।

अभियान का नेतृत्व डीएम अविनाश सिंह, एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी सिटी मानुष पारिक, ष्ठह्व पंकज श्रीवास्तव सहित गोपनीय, टीम और प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारियों ने किया। सुबह से शुरू हुए इस संयुक्त ऑपरेशन में अधिकारियों ने बाईपास किनारे बनी झुग्गी बस्तियों, निर्माण स्थलों, अस्थायी ठिकानों, दुकानों और राहगीरों की गहन जांच की।

टीमों ने मजदूरों, रिहायशी लोगों और संदिग्ध व्यक्तियों से आधार कार्ड, पहचान पत्र, किरायानामा और अन्य दस्तावेज मांगे। पास पहचान संबंधी कागजात चेक किये गए ,जिनपर शक हुआ उनपर मौके पर ही सत्यापन की कार्रवाई शुरू की गई । अभियान के दौरान डीएम अविनाश सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले में अवैध रूप से रहने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि है, और कोई भी संदिग्ध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं एसएसपी अनुराग आर्य और एसपी सिटी मानुष पारिक ने बताया कि अभियान का लक्ष्य बाहरी और संदिग्ध लोगों की पहचान कर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करना है। यह बड़ा अभियान प्रशासन की सतर्कता, प्रतिबद्धता और सुरक्षा को लेकर मजबूत इच्छाशक्ति का साफ संदेश देता है।

गौ अवशेष मिलने से गौ रक्षा दल ने लगाया आरोप पुलिस की मिला भगत से काटी जा रही है गौ माता

क्यूँ न लिखूँ सच / अरविंद कुमार / पीलीभीत / थाना जहानाबाद के अंतर्गत परवा चौकी क्षेत्र में आज दिनांक 6 / 12 /2025 सुबह को गौ वंश की हत्या की सूचना मिली सूचना मिलते ही जिला महामंत्री जितेंद्र मौर्य एवं तहसील उपाध्यक्ष हेमंत मोर्य तथा सुधांशु पाठक मौके पर पहुंचे तो उन्हें गोवंश अवशेष प्राप्त हुए बहुत ही दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण घटना गौ रक्षा हिंदू दल के तहसील उपाध्यक्ष हेमंत मोर्य जिला मंत्री जितेंद्र मौर्य को सूचना मिली की थाना जहानाबाद के परेवा चौकी के अंतर्गत गोकशी की घटना हुई है सूचना पाकर गौ रक्षा हिंदू दल के जिला मंत्री जितेंद्र मौर्य व तहसील उपाध्यक्ष हेमंत मोर्य सुधांशु पाठक मनीष मौर्य फूलचंद दिनेश वर्मा मनीष वर्मा मनोज मौर्य आदि लोग लोग मौके पर पहुंच गए और घटना की जानकारी थाना इंस्पेक्टर जहानाबाद को दी सूचना पाकर एसपी थाना इंस्पेक्टर चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंचे और डॉक्टर को बुलाकर सैंपलिंग कराई है घटना को लेकर गौ रक्षा हिंदू दल में भारी आक्रोश है इसी दौरान जितेंद्र मौर्य की बा हेमंत मौर्य की पुलिस से कड़ी नोक झोंक भी हो गई इसी दौरान हेमंत मौर्य ने जल्द खुलासा न होने पर आंदोलन की चेतावनी दिए स।ह्व प्रदीप विश्नोई एवं चौकी इंचार्ज हिमांशु विश्नोई की मिली भगत से हो रही गौ हत्या बहुत ही दुखद है जल्द खुलासा न होने पर गौ रक्षा हिंदू दल एक बड़ा आंदोलन करेगा

संदूक में मिला था बच्चे का शव...कई परिवार देखने पहुंचे , चार दिन बाद भी नही हो सकी शिनाख्त

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। इज्जतनगर थाना क्षेत्र में संदूक में मिले 8 साल के बच्चे की शव की चार दिन बाद भी पहचान नहीं हो सकी है। शुक्रवार को कई परिवार मोर्चरी पर बच्चे का शव देखने पहुंचे थे। शनिवार को दिल्ली से एक परिवार बच्चे की पहचान के लिए आएगा। अगर शिनाख्त नहीं हुई तो उसी दिन शव का अंतिम संस्कार करा दिया जाएगा।

इज्जतनगर थाना क्षेत्र के दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर मंगलवार सुबह नकटिया नदी किनारे झाड़ियों में संदूक में 8 साल के बच्चे का शव मिला था। बच्चे के शरीर पर कई जगह चोटों के निशान थे, जबकि उसकी एक आंख निकली हुई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बच्चे की गला दबाकर हत्या करने की बात सामने आई थी।

पुलिस की चार टीमें बच्चे की पहचान कराने और उसकी हत्या करने वालों की तलाश में जुटी है, लेकिन अभी तक बच्चे की शिनाख्त नहीं हो पाई है। इंस्पेक्टर इज्जतनगर बिजेन्द्र सिंह ने बताया

कि अभी तक कई परिवार पोस्टमार्टम हाउस पर बच्चे की पहचान करने को पहुंचे हैं, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। शनिवार को शव का अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा।

शॉर्ट सर्किट से दो मंजिला घर में भीषण आग, महिला गंभीर रूप से झुलसी, पूरा कमरा जलकर हुआ राख



क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। कोतवाली थाना क्षेत्र के चौपला चौराहे के पास शनिवार दोपहर बड़ा हादसा हो गया। पानी गर्म करने वाली मशीन में अचानक शॉर्ट सर्किट होने से दो मंजिला मकान में आग भड़क उठी। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनटों में पूरा कमरा जलकर राख हो गया और बेड भी पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। इस हादसे में घर के अंदर मौजूद रमा सक्सेना गंभीर रूप से झुलस गईं।

जानकारी के अनुसार घटना उस समय हुई, जब रमा सक्सेना रोज की तरह घर के काम में व्यस्त थीं। तभी पानी गर्म करने वाली मशीन में तेज आवाज के साथ शॉर्ट सर्क्ट हुआ और उसमें आग लग गई। आग तेजी से फैलकर पूरी मंजिल को अपनी चपेट में लेती चली गई। कुछ ही पलों में धुआं पूरे घर में फैल गया और रमा सक्सेना लपटों की जद में आ गईं।

चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह उन्हें बाहर निकाला। परिजन गंभीर रूप से झुलसी रमा को तुरंत एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। सूचना पाकर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग इतनी भीषण थी कि कमरे में रखा अधिकांश सामान जलकर राख हो गया। फर्नीचर, बेड, घरेलू सामान और इलेक्ट्रॉनिक आइटम पूरी तरह नष्ट हो गए।

फायर विभाग की प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग का मुख्य कारण माना जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में बिजली की समस्याएं और उपकरणों में खराबी की शिकायतें पहले भी सामने आती रही हैं, लेकिन इस बार लापरवाही ने बड़ा हादसा करा दिया।

बरेली में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय बोले- विपक्षी दलों के वोट कटवा रहे भाजपा के लोग

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने शनिवार को बरेली में कहा कि भाजपा के लोग विपक्षी दलों के वोट घटवा रहे हैं और अपने वोट बढ़वा रहे हैं। भाजपा बीएलओ पर दबाव डाल कर हमारे वोट घटवाने को चुनाव मान रही है। भाजपा के संगठन में कोई मजबूती नहीं है, यह भावनाओं को भड़काती है। इनकी ताकत सिर्फ हिंदू-मुस्लिम करना है। जो असली मुद्दे हैं, उनके संबंध में इनके पास कोई जवाब नहीं होता है। अजय राय ने कोतवाली के सामने आंबेडकर पार्क में डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। यहां पत्रकारों से उन्होंने कहा कि मतदाता सूचियों के एसआईआर के लिए सरकार को कम से कम छह महीने का समय देना चाहिए था। सरकार के दबाव से बीएलओ तनाव में हैं और उनकी मौत हो रही है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कर्मचारी नगर, गाली नंबर 5 निवासी एमबी इंटर कॉलेज के दिवंगत शिक्षक अजय अग्रवाल के बेटे और परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना प्रकट की। अजय अग्रवाल एसआईआर के कार्य में लगे थे। ब्रेन हैमरेज से उनकी मौत हो गई थी। पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र में लोगों को पिलाया जा रहा जहरीला सिरप- कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में लोगों को जहरीला सिरप पिलाया जा रहा है, लेकिन कोई जवाब देने वाला नहीं है। कहा कि रूस के राष्ट्रपति भारत के दौरे पर आए तो नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को उनसे मिलने नहीं दिया गया। बेरोजगारी, महंगाई, डॉलर के सामने रुपये की ऐतिहासिक गिरावट, हवाई यात्रा की समस्या, विदेश नीति जैसे किसी भी मसले पर भाजपा की सरकार बात नहीं करना चाहती है। भाजपा को सिर्फ तानाशाही पसंद है।

सिविल डिफेंस के स्थापना दिवस पर शामिल हुए डीएम

सिविल डिफेंस के निस्वार्थ भाव से किये जा रहे कार्यों की हुई प्रशंसा

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। जिलाधिकारी नियंत्रक अविनाश सिंह की अध्यक्षता में नागरिक सुरक्षा स्थापना की 63वीं वर्षगांठ के अवसर पर नागरिक सुरक्षा कार्यालय पर विभागीय ध्वजातोलन किया। सामूहिक राष्ट्रीयगान व उपस्थित वार्डनों को शपथ भी दिलायी गयी। इस मौके पर जिलाधिकारी ने समस्त पदाधिकारीगणों को नागरिक सुरक्षा दिवस की 63वीं वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ आभार व्यक्त करते हुये नागरिक सुरक्षा टीम द्वारा विभिन्न अवसरों पर निस्वार्थ भाव से किये जा रह कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की, जिसमें चाहें बरेली जनपद में कुछ समय पूर्व असामान्य स्थिति के दृष्टिगत शांति व्यवस्था में सहयोग, रामगंगा मेला, एस0आई0आर0 में सहयोग, व विभिन्न स्तरों पर नागरिक सुरक्षा विभाग द्वारा दिये जा रह अतुलनीय सहयोग की भी सरहाना की। इसी प्रकार भविष्य में भी राष्ट्रभावना के दृष्टिगत शासन, प्रशासन द्वारा सौंपे गये कार्यों को समयान्तराल करने तथा उत्तरोत्तर नागरिक सुरक्षा को गति प्रदान करने में सहयोग करने की अपील की गयी। साथ ही नागरिक सुरक्षा विभाग को नगर स्तर से ग्रामीण स्तर तक विस्तार करने की बात कहते हुये सभी को पुन: नागरिक सुरक्षा की बधाई दी गयी। जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट प्रांगण से निकलने वाली नागरिक सुरक्षा मोटर साइकिल रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे द्वारा अपने सम्बोधन में उपस्थित समस्त पदाधिकारियों को नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस की शुभकामनाओं के साथ उपस्थित समस्त वार्डनों को अधिक विश्वासपात्र होने की बात कहते हुये वार्डनों द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की आगे भी भविष्य में इसी तरह के सहयोग की अपेक्षा रहेगी। उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा राकेश कुमार मिश्र द्वारा नागरिक सुरक्षा की स्थापना पर प्रकाश डालते हुये नागरिक सुरक्षा विभाग द्वारा वर्ष भर जनवरी-2025 से नवम्बर-2025 तक किये गये कार्यों के सम्बंध में अवगत कराया गया। उक्त के अतिरिक्त वर्ष-2025 में वर्ष भर विभिन्न स्तरों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन कर फर्स्ट रिस्पांडर तैयार करना, सी0पी0आर0 प्रशिक्षण, दिनांक 07.05.2025 को आई0वी0आर0आई0, में आयोजित ब्लैक आउट/मॉकड्रिल/अभ्यास प्रदर्शन, जून-2025 में वृहद स्तर पर किये रक्तदान कार्यक्रम व विभिन्न स्तरों पर आयोजित परीक्षा डियूटी के साथ-साथ वर्ष भर विभिन्न त्योहारों एवं पर्वों पर पुलिस व प्रशासन के साथ शांति व्यवस्था ड्यूटी जैसे कार्यों की प्रगति से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में डिप्टी चीफ वार्डन रंजीत वशिष्ठ, सहायक उप नियंत्रक (व0वे0) पंकज कुदेशिया व प्रमोद कुमार डागर, वार्डन सेवा के डिवीजनल वार्डन अन्जय अग्रवाल, संजय पाठक, दिनेश यादव, शिवलेश पाण्डेय, डिप्टी डिवीजनल वार्डन कलीम हैदर सैफी, अनिल शर्मा, कवलजीत सिंह, स्टाफ आफीसर डा0 अनवर हुसैन, गीता शर्मा, श्याम कृष्ण, आई0सी0ओ0 कमलेश वर्मा व सुनील यादव एवं बड़ी संख्या में वार्डन सेवा के अन्य अवैतनिक स्वयं सेवक आदि उपस्थित रहे।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

संक्षिप्त समाचार

तीन तलाक पीड़िता नूरजहां ने धर्मपाल से शादी कर बनी पूनम

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। तीन तलाक पीड़ित नूरजहां ने नई जिंदगी की शुरुआत करते हुए धर्मपाल के साथ सात फेरे लिए। अगस्त्य मुनि केके शंखधार ने विधि-विधान से में नूरजहां ने हिंदू विवाह किया और नाम से नई पहचान सुभाषनगर स्थित आश्रम में पंडित उनकी शादी कराई। संपन्न हुई इस शादी रीति-रिवाज से अब वह पूनम के के साथ अपना जीवन शुरू कर रही है। बता दें कि धर्मपाल बरेली के शाही इलाके का निवासी है, जबकि नूरजहां मूल रूप से लखीमपुर खीरी की रहने वाली है। नूरजहां ने बताया कि उसके पूर्व पति ने उसे तीन तलाक देकर घर से बाहर कर दिया था, जिसके बाद वह काफी समय से मानसिक और सामाजिक संघर्ष झेल रही थी। इस बीच करीब सात महीने पहले धर्मपाल से उसकी मुलाकात हुई और दोनों ने एक-दूसरे के साथ जीवन बिताने का निर्णय लिया। शुक्रवार शाम अगस्त्य मुनि आश्रम में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच दोनों ने सात फेरे लिए। शादी के बाद नूरजहां ने पूनम नाम अपनाकर नई जिंदगी शुरू करने की इच्छा जताई।

